प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर किसान मेला का आयोजन 7 से 10 मार्च 2025 तक

पन्तनगर। 5 दिसम्बर 2024। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले 117वें अखिल भारतीय किसान मेले के सलाहकार समिति की बैठक कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम डा. बी.डी. सिंह, प्राध्यापक द्वारा सभी का स्वागत किया गया तदोपरांत डा. जितेन्द्र क्वात्रा, निदेशक प्रसार शिक्षा द्वारा 116वें किसान मेले के प्रस्ताव एवं अनुपालन आख्या को प्रस्तुत किया गया। कुलपति द्वारा 117वें अखिल भारतीय किसान मेले का आयोजन मार्च 7–10, 2025 के मध्य आयोजित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी। किसान मेले की थीम 'सहकारी खेती के माध्यम से सतत कृषि विकास' होगी। कुलपति द्वारा सभी अधिष्ठाता, निदेशक, संयुक्त निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक फार्म, विभिन्न समितियों के संयोजक एवं सदस्यों को किसान मेला को सफल बनाने के लिए आहवान किया गया। उन्होंने कहा कि मेले में कृषकों की सुविधा का पूरा–पूरा ध्यान रखा जाएगा।

बैठक में संबोधित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार